>

Title: Need to implement Rajiv Gandhi Gramin Vidyutikaran Scheme in district Samastipur, Bihar.

श्री आलोक कुमार मेहता (समस्तीपुर): महोदय, राजीव गांधी विद्युतीकरण योजना यू.पी.ए. सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है, परन्तु 2013 तक हर घर में बिजली पहुंचाने के लक्ष्य वाली इस योजना की शुरुआत भी अभी बिहार के 8 जिलों में नहीं हो सकी है, जिसकी एजेन्सी बिहार राज्य विद्युत बोर्ड ने ले रखी है। समस्तीपुर एक पिछड़े जिले की श्रेणी में है। जिले के कई गांवों में बिजली का पोल तक नहीं पहुंच सका है। सैंकड़ों की संख्या में ट्रंसफार्मर जले पड़े हैं।

ऐसी अवस्था में सरकार से मेरा अनुरोध होगा कि शीघ्रातिशीघ्र उक्त योजना की शुरुआत समस्तीपुर जिले में कराकर विद्युत समस्याओं से जनता को निजात दिलावें।

MR. DEPUTY-SPEAKER: Mr. Alok, you should be very careful in future and note that you can only read whatever you have already given and which has already been approved by the Notice Office. You cannot give a speech like this.

SHRI ALOK KUMAR MEHTA (SAMASTIPUR): Okay, Sir. Thank you very much.